रायपुर के बूढ़ातालाब प्रोजेक्ट को मिला ‘स्मार्ट प्रोजेक्ट’ अवार्ड

चर्चा में क्यों?

हाल ही में स्मार्ट सिटी काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से मुंबई में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ की रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के बूढ़ातालाब प्रोजेक्ट को ‘स्मार्ट प्रोजेक्ट’ अवार्ड से सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्ज्वल पोरवाल ने यह अवार्ड प्राप्त किया।
- स्मार्ट अर्बनेशन-2022 के अंतर्गत देश की 33 स्मार्ट सिटी ने इस अवार्ड के लिये अपने प्रोजेक्ट्स का नामिनेशन किया था, जिसमें रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के बूढ़ातालाब प्रोजेक्ट को अवार्ड प्रदान किया गया।
- रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा बूढ़ातालाब-स्वामी विवेकानंद सरोवर के सौंदर्यीकरण और आर्थिक गतिविधियों के संचालन व आम लोगों के आमोद-प्रमोद के लिये सुरक्षित, सुरम्य स्थल तैयार करने हेतु किये गए कार्य को स्मार्ट प्रोजेक्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया।
- अवार्ड के चयन के लिये गठित ज्यूरी ने प्रोजेक्ट को आम लोगों के बेहतर जीवन स्तर और स्थानीय लोगों के आर्थिक अवसरों को बढ़ाने के लिये उपयोगी माना। ज्यूरी में आइटी कानपुर और एनआइयूए के विशेषज्ञ तथा प्रतिष्ठित कंपनियों और संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल थे।
- रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि लोगों के मनोरंजन के लिये सरोवर में म्यूज़िकल व टनल फाउंटेन, आकर्षक रोशनी के साथ सरोवर के चारों ओर लैंड स्कैपिंग की गई है। साथ ही बच्चों के लिये उपयुक्त क्रीड़ा स्थल भी तैयार किया गया है।
- बूढ़ातालाब प्रोजेक्ट के अंतर्गत 28.1 हेक्टेयर जलीय क्षेत्र को विकसित किया गया है। साथ ही, 1400 वर्ग मीटर क्षेत्र में वेंडिंग ज़ोन व 700 वर्ग मीटर में फ्लोटिंग डेक विकसित किया गया है। इस क्षेत्र को हरीतिमायुक्त बनाए रखने के लिये पौधे भी रोपित किये गए हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/raipur-budha-talab-project-got-the-smart-project-award